...the name you can BANK upon!

Azadi Ka Amrit Mahotsav

pnb ONE #JustOneApp

Share Department, Board & Coordination Division, HO Plot No.4 Sector 10, Dwarka, New Delhi–110075 Tel No. : 011-28044857, E-mail: hosd@pnb.co.in

Scrip Code : PNB	**Scrip Code : 532461**
National Stock Exchange of India Limited "Exchange Plaza" Bandra – Kurla Complex, Bandra (E) Mumbai – 400 051	BSE Limited Phiroze Jeejeebhoy Towers, Dalal Street, Mumbai – 400 001

Date: 09.06.2023

Dear Sir(s),

Reg: Annual Report of the Bank for the year 2022-23

Pursuant to Regulation 34 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed the *coloured version* of the Annual Report of the Bank for the year 2022-23.

The copy of Annual Report is also available on Bank's website at www.pnbindia.in.

The above is for your information and record please.

Thanking you

Yours faithfully,

EKTA PASRICHA

Digitally signed by EKTA PASRICHA
DN: cn=EKTA PASRICHA, c=IN, st=Delhi, o=Personal, title=5725, serialNumber=BEE4AE6E829EEEE60E0B52E2EF065410CCB94EC654442F55DAEC24909CCAF6C9
Date: 2023.06.09 18:47:47 +05'30'

पंजाब नैशनल बैंक P.N.B. शेयर विभाग बोर्ड व समन्वय प्रभाग Board & Coord. Division Share Department H.O. New Delhi-110075 प्र.का. नई दिल्ली-110075

(Ekta Pasricha)
Company Secretary

Encl.: A/a

डिजिटल रूप से भारत की वित्तीय सफलता की संरचना

Digitally Structuring Financial Growth of India

वार्षिक रिपोर्ट ANNUAL REPORT 2022-23

भारत की माननीय राष्ट्रपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने 20.12.2022 को केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री, श्रीमती निर्मला सीतारमण की उपस्थिति में राष्ट्रपति संपदा, नई दिल्ली में पीएनबी की पुनर्निर्मित शाखा का उद्घाटन किया।

Hon'ble President of India, Smt. Droupadi Murmu inaugurated PNB's revamped branch at President's Estate, New Delhi, in the august presence of Union Minister of Finance and Corporate Affairs, Smt. Nirmala Sitharaman on 20.12.2022

श्री अतुल कुमार गोयल – एमडी और सीईओ 30.06.2022 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में माननीय प्रधान मंत्री से राष्ट्रीय एमएसएमई पुरस्कार–2022 प्राप्त करते हुए

Shri Atul Kumar Goel - MD & CEO receiving National MSME Award-2022 from Honourable Prime Minister at Vigyan Bhavan, New Delhi on 30.06.2022

अध्यक्ष का संदेश

CHAIRMAN MESSAGE

प्रिय शेयरधारको,

वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए बैंक की प्रगति और प्रदर्शन को आपके सामने प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। वार्षिक रिपोर्ट हमारी प्रगति, प्राप्त लक्ष्य और पिछले वित्तीय वर्ष में अपनी नीतियों, प्रक्रियाओं और नियंत्रणों को सशक्त बनाने के लिए जो ठोस कदम उठाए गए हैं, उनका प्रतिबिम्ब है।

सर्वप्रथम, मैं सभी हितधारकों को बैंक में उनके निरंतर सहयोग एवं विश्वास के लिए हार्दिक बधाई देना चाहता हूँ। 128 से अधिक वर्षों की यात्रा में बैंक, विश्वास एवं विवेकपूर्ण बैंकिंग के साथ निरन्तर राष्ट्र की सेवा कर रहा है। बैंक ने अर्थव्यवस्था में वृद्धि के साथ–साथ अपना व्यवसाय बढ़ाना जारी रखा है। बैंक देश के कोने–कोने में और समाज के विभिन्न वर्गों को अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है ताकि वित्तीय समावेशन के उद्देश्य को पूरा किया जा सके। इस यात्रा के दौरान, बैंक अपने ग्राहकों को सुविधा एवं उत्कृष्ट बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के लिए खुद को एक डिजिटल बैंक में रूपान्तरित कर रहा है। बैंक की यह अभूतपूर्व यात्रा बैंक के प्रत्येक कर्मचारी द्वारा की गई कड़ी मेहनत और प्रयासों के कारण संभव हो पाई है और इसके लिए मैं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं।

समष्टि अर्थिक परिदृश्य

वित्तीय वर्ष 2022–23 कोविड–19 के कम होने एवं आर्थिक गतिविधियों के पूर्ण रूप से पुनः बहाल होने के

Dear Shareholders,

It is my pleasure to present before you the progress and performance of the Bank for the FY 2022-23. The annual report is a reflection of the progress that we have made, the goals achieved and the concrete actions we took towards strengthening our policies, processes and controls in the last fiscal year.

At the outset, I would like to extend my warm greetings to all the Stakeholders for their continued support and trust in the Bank. The Bank, with a journey of more than 128 years, continues to serve the nation with trust and prudent banking. The Bank continued to grow its business in conjunction with the growth in the economy. The Bank is providing its services in every nook and corner of the nation and to different strata of the society so as to serve the purpose of financial inclusion. The Bank is transforming itself into a digital bank to provide convenience and a superior banking experience to its customers. This phenomenal journey of the Bank has been made possible due to the hard work and efforts put in by each and every employee of the bank and I extend my gratitude to the staff.

Macroeconomic Scenario

The FY 2022-23 has been the year of recovery since COVID-19 subsided and economic activities

बाद से जोरदार सुधार का वर्ष रहा है। पिछले वर्षों में जैसे ही अर्थव्यवस्थाओं ने महामारी से उत्पन्न चुनौतियों से उबरना आरम्भ किया, उन्हें रूस यूक्रेन युद्ध के कारण नई वैश्विक अनिश्चितताओं का सामना करना पड़ा। नतीजतन, विश्व स्तर पर बाधित आपूर्ति श्रृंखलाओं के कारण अर्थव्यवस्थाओं में बढ़ती मुद्रास्फीति की प्रवृत्तियां उभरी, जिसके परिणामस्वरूप सम्पूर्ण विश्व में ब्याज दर में वृद्धि हुई। विश्व भर में केंद्रीय बैंकों ने उच्च मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने के लिए समकालिक नीतिगत दरों में वृद्धि की। मई 2022 के बाद से, अमेरिका ने नीतिगत दरों में 450 बीपीएस की वृद्धि की है, जबकि यूके और यूरोपीय यूनियन ने दरों में 300 बीपीएस की वृद्धि की है। आरबीआई ने भी इसी अवधि के दौरान नीतिगत दरों में 250 बीपीएस की वृद्धि की है।

चुनौतीपूर्ण विश्व आर्थिक व्यवस्था के बावजूद, भारतीय अर्थव्यवस्था लचीली और बढ़ती रही। केंद्र सरकार के एनएसओ कार्यालय द्वारा जारी जीडीपी डेटा के अनुसार, वित्त वर्ष 2022–23 के लिए भारत की विकास दर 7.2 प्रतिशत थी, जो अपेक्षा से अधिक थी, यह दर्शाता है कि भारत महामारी से, आशा से अधिक सुदृढ़ होकर उभरा है। भारत में, वित्त वर्ष 2022–23 में आर्थिक गतिविधि उत्साहजनक बनी रही, जैसा कि जीएसटी संग्रहण में परिलक्षित होता है, जो 22 प्रतिशत से अधिक वर्ष–दर–वर्ष वृद्धि के साथ 18 लाख करोड़ रुपये के सकल राजस्व को पार कर गया। आर्थिक गतिविधि में सतत विकास के साथ, भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए समग्र परिदृश्य अनुकूल बना हुआ है, क्योंकि निवेश में सुधार से और अर्थव्यवस्था के निरंतर विकास पथ पर रहने की संभावना है। आईएमएफ के अनुमानों के अनुसार वित्त वर्ष 2023–24 में भारत में आर्थिक विकास की दर 6.3 प्रतिशत रहने की सम्भावना है। मुद्रास्फीति के भी मौजूदा स्तर के मुकाबले सीमित और नरम बने रहने की उम्मीद है। हालांकि, विकास के लिए गिरावट जोखिम और मुद्रास्फीति के बढ़ने का जोखिम हैं, जो आंशिक रूप से बाह्य क्षेत्र के माध्यम से एवं कुछ मौसम की अनिश्चितताओं से उत्पन्न हुआ है। भारत की ताकत उसकी घरेलू मांग होगी।

बैंकिंग परिदृश्य

जैसा कि वैश्विक अनिश्चितताएं बनी हुई है, भारतीय

resumed with full vigor. As the economies started to overcome the challenges posed by the pandemic in the preceding years, they faced new global uncertainties due to Russia Ukraine war. Consequently, disrupted supply chains globally led to increasing inflationary tendencies in economies resulting in rising interest rate scenarios across the globe. Central Banks around the world responded with synchronized policy rate hikes to curb high inflation. Since May 2022, the US has hiked policy rates by 450 bps, while the UK and the EU have increased rates by 300 bps. RBI also raised the policy rates by 250 bps during the same period.

Despite the challenging world economic order, Indian economy remained resilient and growing. As per released GDP data by Central government's NSO office, the growth of India at 7.2 per cent for FY 2022-23 was higher than expected, indicating that India emerged stronger from the pandemic than anticipated. In India, Economic activity remained buoyant in FY 2022-23, as reflected in GST collections that surpassed Rs.18 lakh crore gross revenue with over 22 per cent y-o-y growth. With the sustainable growth in activity, the overall outlook for the Indian economy remains favourable, as investments are likely to see a turnaround and put the economy on a sustainable growth path. India is anticipated to grow at a pace of 6.3 per cent FY 2023–24 as per IMF projections. Inflation is also expected to remain range bound and mild against the current level. However, there are downside risks to growth and upside risks to inflation, partly channeled through the external sector and partly originating from weather uncertainties. India's strength will be its domestic demand.

Banking Scenario

As the global uncertainties loomed, the Indian

बैंकिंग प्रणाली सशक्त पूंजी और चलनिधि की स्थिति के साथ लचीली और दबाव सहने में सक्षम और स्थिर बनी हुई है। वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान बैंकिंग उद्योग उत्साहित रहा, जिसमें ऋण में वृद्धि 15.0 प्रतिशत थी और आरबीआई की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार जमा में भी तेजी आई और 9.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। आस्ति गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ और बैंकिंग क्षेत्र में सकल एनपीए मार्च 2019 के 15.5 प्रतिशत से घटकर दिसंबर 2022 को समाप्त तिमाही में 5.8 प्रतिशत हो गया। नतीजतन, कई बैंकों ने वित्त वर्ष 2022–23 में रिकॉर्ड स्तर का मुनाफा दर्ज किया।

वैश्विक स्तर पर, बैंकिंग प्रणाली मुख्य रूप से आस्ति गुणवत्ता के स्थान पर चलनिधि के मुद्दों के कारण चुनौतियों का सामना कर रही है। इसके अलावा, पोर्टफोलियो अवधि और विभिन्न श्रेणियों के तहत ऋण/जमाओं के संकेंद्रीकरण ने भी समस्याएं पैदा की हैं। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा निर्धारित सक्रिय पर्यवेक्षण और उच्च अभिशासन मानकों के कारण भारतीय बैंकिंग प्रणाली अपेक्षाकृत लचीली बनी हुई है।

सरकार के प्रयासों और अर्थव्यवस्था के तेजी से डिजिटलीकरण और औपचारिकरण के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था संरचनात्मक रूप से बदल रही है। आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के अनुसार 1.97 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 14 क्षेत्रों के लिए सरकार की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना द्वारा अगले पांच वर्षों में लगभग 3 लाख करोड़ रुपये का कैपेक्स आकर्षित करने की उम्मीद है और इसमें भारत में 60 लाख से अधिक रोजगार पैदा करने की क्षमता है। इसके अलावा, निवेश और रोजगार सृजन के पुण्य चक्र को तेज करने के लिए 2023–24 के बजट में सरकार के पूंजीगत व्यय परिव्यय को 37.4 प्रतिशत को बहुत ज्यादा बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपये कर दिया है। वित्तीय वर्ष 2022–23 में डिजिटल बैंकिंग पर विशेष जोर दिया गया। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2022–23 में यूपीआई नेटवर्क के माध्यम से भुगतान लेनदेन में 82.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 8,376 करोड़ का लेनदेन हुआ, जो कुल मिलाकर 139 लाख करोड़ रुपये था।

बैंकिंग क्षेत्र ने राष्ट्र निर्माण की दिशा में योगदान देना

banking system remained resilient and stable with strong capital and liquidity positions. The Banking industry remained upbeat through FY 2022-23, wherein growth in Credit was at 15.0 per cent and deposits also picked up the pace and grew at 9.6 per cent as per RBI's Annual Report. The Asset Quality improved substantially and Gross NPA in the banking sector was at 5.8 per cent in the quarter ending December 2022 from 15.5 per cent March 2019. Consequently, many banks registered record level profits in FY 2022-23.

Globally, the banking system has been facing challenges primarily due to liquidity issues rather than asset quality. In addition, the portfolio duration and concentration of loans/deposits under various categories have also caused problems. However, the Indian banking system has remained relatively resilient thanks to active supervision and higher governance standards set by the Reserve Bank of India (RBI).

The Indian economy is transforming structurally due to government's efforts and rapid digitization and formalization of the economy. Government's Production Linked Incentive (PLI) scheme for 14 sectors with an outlay of Rs.1.97 lakh crore is expected to attract a capex of approximately Rs.3 lakh crore over the next five years and has the potential to generate employment for over 60 lakh in India as per Economic Survey of 2023. Also, to ramp the virtuous cycle of Investment and job creation the budget of 2023-24 steeply increased the government's capital expenditure outlay by 37.4 per cent to whooping Rs.10 lakh crore. The digital banking received a major thrust in FY 2022-23. Payments transactions via the UPI network surged 82.2 per cent in FY 2022-23 to a total of 8,376 Crore transactions aggregating Rs.139 Lakh Crore, according to data by the National Payments Corporation of India (NPCI).

The Banking sector continued to contribute towards nation-building and to make significant

जारी रखा और समाज के बैंक रहित और वंचित वर्गों को बैंकिंग सेवाओं का विस्तार करके वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए। भारत में बैंकिंग क्षेत्रों, सरकार के रियायती संस्थागत ऋण और उच्च कृषि ऋण लक्ष्य द्वारा समर्थित, कृषि और संबद्ध गतिविधियों को ऋण प्रदान करना जारी रखा। एमएसएमई को बढ़े हुए ऋण प्रवाह में वृद्धि से औद्योगिक ऋण वृद्धि में उल्लेखनीय सुधार हुआ, जिसे आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) के प्रभावी कार्यान्वयन और सरकार की उत्पादन–लिंक्ड प्रोत्साहन योजना द्वारा प्रदान की गई सहायता और क्षमता उपयोग में सुधार से समर्थन मिला। सेवाओं में ऋण वृद्धि एनबीएफसी, वाणिज्यिक अचल संपत्ति और व्यापार क्षेत्रों को ऋण में सुधार से प्रेरित थी।

बैंक का प्रदर्शन

बैंक की 128+ वर्षों की यात्रा घटनापूर्ण और चुनौतीपूर्ण रही है, लेकिन अपने मजबूत संस्थापक मूल्यों के साथ, बैंक कठिन समय को पार कर सका और सकुशल निकल आया। 20,000 रुपये की शुद्ध स्वदेशी पूंजी से अपनी यात्रा शुरू करते हुए, बैंक का व्यवसाय 31 मार्च 2023 तक 12.81 लाख करोड़ रुपये के वैश्विक जमा और 8.85 लाख करोड़ रुपये के सकल अग्रिम के साथ 21.66 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। पिछले वित्त वर्ष में बैंक ने जमा राशि में 11.77 प्रतिशत और अग्रिम में 12.68 प्रतिशत की दो अंकों की वृद्धि दर्ज की। पूरी यात्रा में, बैंक वित्तीय सेवाएं प्रदान करने से लेकर ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने, उन्हें बैंक के साथ सभी परस्पर संवाद में एक उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने हेतु हमेशा ग्राहकों को पहले रखने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। बैंक अपने ग्राहक को बेहतर और अधिक सुविधाजनक सेवा प्रदान करने के लिए पूर्व अनुमोदित व्यक्तिगत ऋण, ई–एकबारगी समझौता, सावधि जमा के एवज में ई– ओवरड्राफ्ट, ई–मुद्रा जैसे डिजिटल परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है।

बैंक के मुख्य खुदरा कारोबार में 15.21 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। मुख्य खुदरा में से गृह ऋण, वाहन ऋण

efforts to promote financial inclusion by extending banking services to the unbanked and underprivileged sections of society. The Banking sector in India, supported by Government's concessional institutional Credit and higher agricultural credit target, continued to provide Credit to agriculture and allied activities. There was a marked improvement in Industrial credit growth duly assisted by the uptick in the enhanced credit flow to MSMEs which was favoured by the effective implementation of the Emergency Credit Line Guarantee Scheme (ECLGS) and the support provided by the Government's production-linked incentive scheme and improvement in capacity utilization. Credit growth in services was driven by a recovery in Credit to NBFCs, commercial real estate and trade sectors.

Performance of the Bank

The Bank's 128+ years journey has been eventful and challenging, but with its strong founding values, the Bank could overcome difficult times and come out unscathed. Beginning its journey from the pure Swadeshi Capital of Rs. 20,000/-, the Bank's Business grew to more than Rs. 21.66 Lakh Crore with Global Deposits at Rs. 12.81 Lakh Crore and Gross Advances at Rs. 8.85 Lakh Crore as on 31st March 2023. Last fiscal the Bank recorded double-digit growth in both deposit at 11.77 per cent and advances at 12.68 per cent. In the entire journey, the Bank has always been committed in putting the customers first, from delivering financial services that meet their needs to giving them an excellent experience in all their interactions with the Bank. The Bank is undergoing digital transformation like Pre-approved Personal Loan, e-One Time Settlement, e-Overdraf against Fixed Deposit, e-Mudra to serve it customer better and more conveniently.

The Core Retail Business of the Bank showed a growth of 15.21 per cent. Out of Core Retail, Home Loans, Vehicle Loans, and Personal Loans

और व्यक्तिगत ऋण में वर्ष दर वर्ष आधार पर क्रमशः 10.92 प्रतिशत, 30.62 प्रतिशत और 48.87 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। कृषि ऋण खंड में 14.34 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। खुदरा, कृषि और एमएसएमई (रैम) हमारा फोकस क्षेत्र बना रहा और कुल अग्रिमों में रैम हिस्सेदारी वर्ष–दर–वर्ष आधार पर 408 आधार अंक बढ़कर 31 मार्च 2023 तक 55.31 प्रतिशत हो गई।

31 मार्च 2023 को टीयर–I पूंजी 12.69 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात सुधर कर 15.50 प्रतिशत हो गया, जो एक वर्ष पूर्व क्रमशः 11.73 प्रतिशत और 14.50 प्रतिशत था। कम जोखिम प्रोफाइल के साथ बेहतर–रेट वाले उधारकर्ताओं को लक्षित करके बैंक का ध्यान सतत कारोबार विकास पर था।

बैंक द्वारा लगातार प्रयासों और विभिन्न उपायों को अपनाने के साथ आस्ति गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ है। 31 मार्च, 2023 तक बैंक का सकल एनपीए 16.36 प्रतिशत घटकर 77,328 करोड़ रुपये रह गया, जबकि निवल एनपीए 35.30 प्रतिशत घटकर 22585 करोड़ रुपये रह गया। बैंक का प्रावधान कवरेज अनुपात सुधरकर 86.90 प्रतिशत हो गया। बैंक काफी हद तक स्लीपेज को रोक पाया जो स्लीपेज अनुपात में हुई गिरावट में परिलक्षित होता है जो वित्त वर्ष 2021–22 के चौथे तिमाही के 6.47 प्रतिशत के उच्च स्तर से गिरकर वित्त वर्ष 2022–23 की चौथी तिमाही में 2.10 प्रतिशत तक हो गया। वित्त वर्ष 2022–23 के लिए परिचालन लाभ वित्त वर्ष 2021–22 के 20,761 करोड़ रुपये से 8.5 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2022–23 में 22,529 रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2022–23 के लिए निवल लाभ 2,507 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2022–23 में वैश्विक एनआईएम वित्त वर्ष 2021–22 के 2.71 प्रतिशत से 35 बीपीएस बढ़कर 3.06 प्रतिशत हो गया

वित्त वर्ष 2022–23 में बैंक के शानदार प्रदर्शन के कारण निदेशक मंडल ने प्रति इक्विटी शेयर 0.65 के लाभांश की सिफारिश की है।

आपके बैंक की गतिविधियाँ–

वर्ष के दौरान, बैंक ने परिचालन को सुचारू बनाने, दक्षता बढ़ाने, लागत कम करने तथा बेहतर बैंकिंग अनुभव प्रदान

showed year-on-year increase of 10.92 per cent, 30.62 per cent and 48.87 per cent, respectively. The agricultural loan segment recorded a growth of 14.34 per cent. Retail, Agriculture and MSME (RAM) remained our focus area and the RAM share to total advances increased by 408 bps on year-on-year basis to 55.31 per cent as on 31st March 2023.

The Capital Adequacy ratio of the Bank improved to 15.50 per cent as on 31st March 2023 with Tier-I capital at 12.69 per cent up from 14.50 per cent and 11.73 per cent, respectively, a year ago. The focus of the Bank was on sustainable business growth by targeting better-rated borrowers with low risk profile.

Asset quality improved tremendously with the consistent efforts and adoption of various measures by the Bank. The Gross NPA of the Bank declined by 16.36 per cent to Rs. 77,328 Crore while Net NPA declined by 35.30 per cent to Rs. 22,585 Crore as on 31st March, 2023. The provision Coverage Ratio of the Bank improved to 86.90 per cent. The Bank could arrest slippages to a large extent which was reflected in the falling slippage ratio from as high as 6.47 per cent in Q4 FY 2021-22 to 2.10 per cent in Q4 FY 2022-23. The Operating Profit for FY 2022-23 improved by 8.5 per cent in FY 2022-23 to Rs 22,529 from Rs. 20,761 Crore in FY 2021-22. Net Profit for FY 2022-23 was at Rs 2,507 crore. The Global NIM in FY 2022-23 improved by 35 bps to 3.06 per cent from 2.71 per cent in FY 2021-22.

Due to the improved performance of the Bank in FY 2022-23, the Board of Directors has recommended a dividend of 0.65 per equity share.

Developments at your Bank

During the year, the Bank took up several initiatives to streamline operations, enhance efficiency, reduce cost and deliver a superior

करने हेतु कई पहलें की हैं। बैंक ने कारोबार विकास को बढ़ाने एवं कार्यनिष्पादन में सुधार के लिए व्यापक आद्योपान्त डिजिटल यात्राएं शुरू की। इस तरह की पहल में रिटेल, एमएसएमई एवं कृषि, देयताओं तथा वसूली की सुविधाएं शामिल हैं। पीएपीएल के अंतर्गत एंड–टू–एंड डिजिटल संवितरण वित्त वर्ष 2021–22 में 40 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2022–23 में 3000 करोड़ रुपये से अधिक हो गया। इसी तरह, डिजिटल रूप से सोर्स किए गए बचत खाते वित्त वर्ष 2021–22 के 24 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2022–23 में 81 प्रतिशत हो गए और डिजिटल कार्ड सक्रियण वित्त वर्ष 2021–22 के 55.5 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2022–23 में 76.1 प्रतिशत हो गया। इसके अतिरिक्त, व्यापक स्तर पर ग्राहकों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बैंक के पीएनबी वन ऐप को नया स्वरूप दिया है। इसके परिणाम स्वरूप, ऐप को अपनाने, दैनिक सक्रियण, दैनिक लॉगिन तथा दैनिक लेनदेन के मामले में तेज वृद्धि देखी गई। इतना ही नहीं, मार्च, 2023 में डिजिटल लेनदेन में बैंक की हिस्सेदारी 79 प्रतिशत से बढ़कर 92 प्रतिशत हो गई, जो हमारे बैंक में डिजिटलीकरण की गति को दर्शाता है।

डिजिटल बैंकिंग उत्पाद तथा सेवाएं, अब दोंनों कार्यक्षेत्रों, भुगतान और ऋणदात्री के रूप में समृद्ध हो रही हैं। एक ओर, हम अंगीकार करने के लिए उदार हैं, दूसरी ओर, बढ़ती वृद्धि के साथ, विभिन्न प्रणालियों में कमी और प्रौद्योगिकी जोखिम सामने आता है। बैंक निरंतर साइबर सुरक्षा उपायों को बढ़ा रहा है और आईटी एवं डिजिटल अवसंरचना को सशक्त कर रहा है ताकि एक चुस्त जोखिम बैकएंड प्रोफाइल स्थापित किया जा सके, जो इन स्थितियों को पुनः संयोजित कर नियंत्रित रख सके।

बैंक मानव संसाधनों को प्राथमिकता देता है तथा संस्था को आगे ले जाने में उनके द्वारा निभाई गई भूमिका एवं पिछले वित्त वर्ष के दौरान बैंक के उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन में उनके योगदान को स्वीकार करता है। अपने लोगों की उत्पादकता एवं कार्यकुशलता को और बढ़ाने के लिए, बैंक कर्मचारियों के कल्याण तथा विकास को कारोबारी लक्ष्यों के साथ जोड़ने के लिए कई कदम उठा रहा है।

banking experience. The Bank launched comprehensive end-to-end digital journeys for driving business growth and improving performance. Such initiatives include journeys for Retail, MSME and Agriculture, Liabilities and Recovery. The end-to-end digital disbursement under PAPL reached more than Rs 3000 cr in FY 2022-23 from Rs 40 cr in FY 2021-22. Similarly, the digitally sourced saving account increased to 81 per cent in FY 2022-23 from 24 per cent in FY 2021-22 and digital card activated increased to 76.1 per cent in FY 2022-23 from 55.5 per cent in FY 2021-22. In addition, PNB ONE app of the Bank was revamped to meet the aspirations of the customers in a big way. As a result, the app saw strong growth in terms of adoption daily activation, daily login and daily transactions. Not only this, the Bank's share of digital transactions increased from 79 per cent to 92 per cent in March 2023, which indicates the faster pace of digital adoption at the Bank.

Digital banking products and services are now flourishing both in payment and lending domain. On one hand, we see openness to adoption, on the other hand, with increasing growth, increase in various systems and technology risk comes into play. The Bank is continuously augmenting cyber security measures and bolstering IT and Digital infrastructure to set up an agile risk backend profiles that recalibrate and tide over these situations.

The Bank places high value on human resources and acknowledges the role played by them in taking the institution forward and their contribution towards the outstanding performance of the Bank during last fiscal. To further enhance, the productivity and efficiency of its people, the Bank has been taking up various steps to align the business goals with that of employees' welfare and growth.

सेवा प्रदान करने से संबद्ध किसी भी संगठन के लिए मानव संसाधन सबसे महत्वपूर्ण संपत्ति है और इसलिए यह आवश्यक है कि संगठन के समग्र विकास के लिए मानवीय संपत्ति की दक्षता बढ़ाने हेतु संगठन कौशल विकास एवं पुनः प्रवीण बनाने के लिए कदम उठाए। बैंक इसे अत्यधिक महत्व देता है और समय–समय पर भूमिकाओं और उत्तरदायित्वों के निर्वहन हेतु मानव संसाधनों को हुनरमंद बनाने के लिए विभिन्न पहल करता है। इस दिशा में एक कदम आगे बढ़ाते हुए, बैंक में एक व्यापक मानव संसाधन कायांतरण प्रक्रिया शुरू की गई है, जिसमें प्रणाली संचालित आंकड़े तथा उपकरणों के माध्यम से विभिन्न प्रणालियों और प्रक्रियाओं को सुदृढ़ करते हुए स्टाफ की उत्पादकता में वृद्धि पर ध्यान केन्द्रित किया गया है।

Human resource is the most important asset for any organization involved in providing service and therefore it is essential that organization undertakes steps for upskilling and reskilling to increase efficiency of human assets for overall growth of the organization. Bank assigns high importance to the same and taken up various initiatives from time to time to groom the human resources for taking up roles and responsibilities. Taking a step further in this direction, a comprehensive HR Transformation process has been initiated in the Bank with the focus on improving employee productivity, strengthening various systems and procedures through system driven data & tools.

नए उत्पादों एवं सेवाओं को अपनाते समय, बैंक यह सुनिश्चित करता है कि सभी दिशानिर्देशों तथा नैतिकता का विधिवत पालन किया जाए। बैंक उपभोक्ताओं की सुरक्षा के उद्देश्य से बनाए गए नियमों का भी पालन करता है, जैसे उत्पादों एवं सेवाओं के बारे में स्पष्ट और पारदर्शी जानकारी प्रदान करना, ग्राहकों की शिकायतों का निपटान और निष्पक्ष तथा नैतिक व्यवहारों को सुनिश्चित करना। ग्राहक सेवा पर नियामक संस्था द्वारा जारी दिशा–निर्देशों को ध्यान में रखते हुए बैंक ने एक सशक्त शिकायत निवारण नीति तैयार की है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि वित्तीय सेवाओं की पहुँच आखिरी पायदान तक हो, बैंक के पास 24000 से अधिक व्यवसाय प्रतिनिधियों का एक नेटवर्क है, जो बैंक के वित्तीय समावेशन कार्यनीति को मजबूती से थामे हुए हैं।

While adopting newer products and services, the Bank ensures that all the guidelines and ethics are duly adhered to. The Bank also complies with regulations aimed at protecting consumers, such as providing clear and transparent information about products and services, handling customer complaints, and ensuring fair and ethical practices. The Bank has formulated a robust Grievance Redressal Policy keeping in view the guidelines issued by the Regulator on Customer Service. To ensure that financial services reaches the last mile the Bank has a network of over 24000 Business Correspondents who have been the vital clog for the financial inclusion strategy for the Bank.

बैंक ने पर्यावरणीय, सामाजिक और अभिशासन (ईएसजी) संस्कृति स्थापित करने में अनवरत प्रगति की है। बैंक ऋण देने में पर्यावरणीय तथा सामाजिक जोखिमों का संज्ञान लेता है और नवीकरणीय ऊर्जा, सौर ऊर्जा एवं हरित वित्तपोषण हेतु अग्रिमों की दिशा में अग्रसर है। बैंक ने विभिन्न नवाचारों वाली योजनाओं तथा विभिन्न कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) गतिविधियों और ग्रामीण प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से वंचित वर्गों की सहायता करना जारी रखा है। बैंक कॉरपोरेट अभिशासन,

The Bank has made a steady progress in establishing an Environmental, Social and Governance (ESG) culture. The Bank take cognizance of environmental and social risks in lending and advances are directed towards renewable energy, solar power and Green financing. The Bank continues to support the marginalized sections through various Government initiatives schemes and various Corporate Social Responsibility (CSR) activities and rural training centers. The Bank is committed

समर्थ कॉर्पोरेट कार्यनीति एवं प्रकटीकरण तथा पारदर्शिता के उच्च मानकों की सर्वोत्तम प्रथाओं को अंगीकार करने हेतु प्रतिबद्ध है।

हमें यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए बैंक को सर्वोच्च ''राजभाषा कीर्ति'' के तहत द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बैंक को सर्वश्रेष्ठ एमएसएमई फ्रेंडली बैंक, सरकार की योजनाओं को लागू करने वाले बैंक, कोविड से संबंधित योजना को लागू करने के लिए चेंम्बर ऑफ इंडियन माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज (सीआईएमएसएमई) द्वारा एमएसएमई बैंकिंग उत्कृष्टता पुरस्कार 2022 से भी सम्मानित किया गया।

उपसंहार

अंत में, मैं इस यात्रा में अपने ग्राहकों से मिले निरंतर संरक्षण के लिए उनको धन्यवाद देना चाहूंगा। मैं अपने शेयरधारकों और अन्य सम्मानित हितधारकों को उनके अटूट समर्थन और हमारे बैंक में भरोसा जताने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। मैं निदेशक मंडल एवं हमारे समर्पित कर्मचारियों की कड़ी मेहनत तथा हमारे साझा विजन के प्रति प्रतिबद्धता के लिए भी उनकी अत्यंत सराहना करता हूं। मैं वित्त मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक को भी उनके सहयोग और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद देता हूं।

हमने साथ मिलकर महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं तथा उज्ज्वल भविष्य की सफलता के लिए एक ठोस नींव रखी है। हम अपने मिशन **''ग्राहकों एवं अन्य हितधारकों के मूल्य वृद्धि हेतु प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर गुणवत्तापूर्ण वित्तीय सेवाएं प्रदान करना, कर्मचारियों के लिए अवसर प्रदान करना और इस प्रकार, राष्ट्र के आर्थिक विकास में योगदान करना''** और अपने विजन **''ग्राहक–केंद्रित नवाचारों, कर्मचारियों को सशक्त बनाने और सभी हितधारकों के जीवन को समृद्ध बनाने के माध्यम से विश्व स्तर पर विश्वसनीय बैंकिंग भागीदार बनना"** के लिए कृत संकल्प हैं।

आपका,

के. जी. अनंतकृष्णन
गैर–कार्यपालक अध्यक्ष

to adopting the best practices of Corporate Governance, sound corporate strategy and high standards of disclosures and transparency.

We are pleased to inform that the Bank was awarded 2nd Prize under the highest "Rajbhasha Kirti" for FY 2021-22. The Bank was also awarded with MSME Banking Excellence Award 2022 by Chamber of Indian Micro, Small and Medium Enterprises (CIMSME) for Best MSME Friendly Bank, Govt. Schemes implementing Bank, Implementing COVID related scheme Bank.

Closing remarks

In conclusion, I would also like to acknowledge the continuous patronage we have received in this journey from our customers. I also extend heartfelt gratitude to our shareholders, and other esteemed stakeholders for their unwavering support and posing trust in our Bank. I also express my deep appreciation for the Board of Directors and our dedicated employees for their hard work and commitment to our shared vision. I also thank the Ministry of Finance and Reserve Bank of India for their support and guidance.

Together we have achieved significant milestones and built a solid foundation for future success. We remain steadfast in our mission ***"To offer quality financial services by leveraging technology to create value for customers and other stakeholders, opportunities for employees and thus, contributing to the economic growth of the nation"*** and our Vision of ***"To be a globally trusted banking partner through customer-centric innovations, empowering employees and enriching lives of all stakeholders".***

Yours Sincerely

K G Ananthakrishnan
Non-Executive Chairman

प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी का संदेश

Message from the Managing Director and Chief Executive Officer

प्रिय शेयरधारको,

वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए बैंक के वित्तीय कार्यनिष्पादन की मुख्य विशेषताओं को आपके समक्ष रखते हुए मुझे प्रसन्नता हो रही है। पिछले वर्ष आपके बैंक ने प्रमुख कार्यनिष्पादन संकेतकों पर अच्छी प्रगति की जो अनुकूल वाह्य कारकों से तथा लोगों, उत्पादों एवं प्रक्रियाओं में सुधार पर ध्यान केंद्रित करके परिचालन दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू किए गए कार्यनीतिक रूपान्तरणों से प्रेरित है।

संपूर्ण बैंकिंग उद्योग ने वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान सुदृढ़ वित्तीय स्थिति दर्शाई है जो एक मजबूत नियामक ढांचे और अपनाई गई सर्वोत्तम विवेकपूर्ण पद्धतियों द्वारा समर्थित भारतीय वित्तीय प्रणाली के दबाव सहने के सामर्थ्य और गंभीरता को दर्शाता है। स्थिर एवं बेहतर बैलेंस शीट की स्थिति का लाभ उठाते हुए, बैंकिंग प्रणाली, आपका बैंक जिसका एक अभिन्न अंग है, वर्तमान वित्त वर्ष में और अधिक सुदृढ़ कार्यनिष्पादन करने के लिए पूर्णतया तैयार है।

बैंकिंग परिदृश्य भी डिजिटल क्रांति एवं तकनीकी नवाचारों द्वारा शुरू किए गए परिवर्तनों से गुजर रहा है। डिजिटल प्लेटफॉर्म नए कारोबार अर्जन,संवर्धित ग्राहक सेवा प्रदान करने, वित्तीय चूकों को कम करने और जन–केंद्रित परिवर्तनों को शुरू करने हेतु एक प्रमुख प्रवर्तक के रूप में उभर रहा है। मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व का अनुभव हो रहा है कि आपके बैंक ने पहले ही कई कारोबारी क्षेत्रों में डिजिटल सुविधाओं में निवेश करके इस दिशा में

Dear Shareholders,

I am delighted to place before you the highlights of the financial performance of the Bank for the FY 2022-23. The past year has witnessed impressive strides made by your Bank across key performance indicators driven by favourable external factors and the initiation of strategic transformations that were aimed at increasing operational efficiencies through focus on improving people, products and processes.

The banking industry, as a whole, posted healthy financials during FY 2022-23 that reflect the resilience and depth of the Indian financial system backed by a robust regulatory framework and adoption of prudent best practices. Leveraging on the stable and much-improved balance sheet position, the banking system, of which your Bank is an integral part, is well poised to deliver a more robust performance in the current fiscal.

The banking landscape is also undergoing a wave of transformations triggered by the digital revolution and technological innovations. The digital platform is emerging as a key enabler for fresh business acquisitions, rendering enhanced customer service, reducing delinquencies and introducing people-centric transformations. I am proud to announce that your Bank has already made a head start in

एक ठोस शुरुआत की है, जिससे निकट भविष्य में अच्छा लाभांश मिलने की उम्मीद है।

पिछले वर्ष भी समष्टि आर्थिक मोर्चे पर चुनौतियां मौजूद रहीं, जो मुख्य रूप से मुद्रास्फीति से संबंधित थीं, जिससे केंद्रीय बैंक को नीतिगत हस्तक्षेप करना पड़ा। मुझे यह सूचित करते हुए अपार हर्ष हो रहा है कि आपके बैंक ने इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों में सहयोग किया है तथा बैंक अर्थव्यवस्था की ऋण आवश्यकताओं को वित्तपोषित करने में अग्रणी रहा है। मैं अब आपके समक्ष वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान अर्थव्यवस्था का एक संक्षिप्त अवलोकन प्रस्तुत करना चाहता हूं, जिसका बैंकिंग एवं वित्तीय क्षेत्र पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है।

आर्थिक अवलोकन

वैश्विक अर्थव्यवस्था

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुसार, वैश्विक विकास दर 2022 के 3.4 प्रतिशत से घटकर 2023 में 2.8 प्रतिशत और 2024 में थोड़ा सुधरकर 3 प्रतिशत होने की उम्मीद है। इसके अलावा, वैश्विक मुद्रास्फीति 2022 में 8.7 प्रतिशत से घटकर इस वर्ष 7.0 प्रतिशत और 2024 में 4.9 प्रतिशत होने की संभावना है। वैश्विक अर्थव्यवस्था के प्रमुख जोखिमों में रूस–यूक्रेन संघर्ष से उत्पन्न प्रतिकूल भू–राजनीतिक प्रभाव, प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बढ़ती मुद्रास्फीति, वित्तीय क्षेत्र में दबाव एवं आघातों से उबरने के लिए सीमित राजकोषीय बफ़र रहा है। परिणामस्वरूप, विकसित अर्थव्यवस्थाओं के विकास में, विशेष रूप से घोषित मंदी हो सकती है और उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।

केंद्रीय बैंकों से अपेक्षा है कि वे मुद्रास्फीति को नियंत्रित कर वित्तीय स्थिरता बनाए रखेंगे। ढांचागत सुधार जैसे अधिक निवेश, व्यापार अनुकूल वातावरण में सुधार, बेहतर ऋण पारदर्शिता और वहनीयता एक स्थिर भविष्य का दृष्टिकोण सुनिश्चित करेगी ।

this direction by investing in digital journeys across multiple business segments that are expected to yield rich dividends in the near future.

The past year also presented challenges on the macroeconomic front, fueled mainly by inflationary concerns that mandated policy interventions by the central bank. I am happy to inform that your Bank supported the efforts in this direction and was at the forefront of financing the credit needs of the economy. I would now like to place before you an overview of the economy during FY 2022-23, which had an important bearing on the banking and financial sector.

Economic Overview

The Global Economy

According to International Monetry Fund (IMF), global growth is expected to moderate from 3.4 per cent in 2022 to 2.8 per cent in 2023 and slightly improve to 3 per cent in 2024. Moreover, global inflation is likely to fall from 8.7 per cent in 2022 to 7.0 per cent this year and 4.9 per cent in 2024. Among the major risks to the global economy were the adverse geo-political impact arising out of the Russia-Ukraine conflict, rising inflation across major economies, stress in the financial sector and limited fiscal buffers to absorb shocks. Consequently, the advanced economies are expected to see an especially pronounced slowdown in growth, and the emerging economies are expected to fare better.

The central banks are expected to continue maintaining financial stability by anchoring inflationary expectations. Structural reforms such as more investments, improvement in business enabling environment, greater debt transparency and sustainability will ensure a stable future outlook.

भारतीय अर्थव्यवस्था

आईएमएफ को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2022–23 में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.8 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2023–24 में 5.9 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। हालाँकि, आरबीआई को उम्मीद है कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2022–23 में 7.0 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2023–24 में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। भारत के वित्त वर्ष 2022–23 तथा वित्त वर्ष 2023–24 में विश्व स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बने रहने की आशा है।

वित्त वर्ष 2022–23 में केन्द्रीय बैंक के लिए महंगाई का नियंत्रण और प्रबंधन एक प्रमुख चुनौती बना रहा। हालांकि, वित्त वर्ष 2023–24 में रिटेल मुद्रास्फीति के कम होने की संभावना के साथ मुद्रास्फीतिक दबाव कम होना आरंभ हो गया है। अप्रैल 2023 में सीपीआई–कोर की क्रमिक वृद्धि जून 2022 के बाद से सबसे कम है तथा इसके लिए उपभोक्ता वस्तुओं के मूल्यों में घटती डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति की प्रवृति की शुरुआत को उत्तरदायी माना जा सकता है।

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान देश में औद्योगिक विकास मजबूत रहा है। वर्ष के दौरान विनिर्माण क्षेत्र के लिए क्षमता उपयोग के कुल स्तर में सुधार हुआ है। सुदृढ़ मिश्र क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) के समर्थन से निवेश के स्तर में उछाल दिखाई दिया। केंद्र और राज्यों दोनों सरकारों द्वारा पूंजी व्यय की दर में वृद्धि हुई, जो आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और निवेश जुटाने पर जोर देने का संकेत देती है।

वित्त वर्ष 2023–24 में आगे बढ़ते हुए, आर्थिक परिस्थितियां आशावादी और अधिक अनुकूल दिखाई दे रही हैं। वित्त वर्ष 2023–24 के लिए, सरकार ने पूंजीगत व्यय को सकल घरेलू उत्पाद के 3.3 प्रतिशत पर रखा है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 33 प्रतिशत अधिक है। अप्रैल 2023 में जीएसटी संग्रह रुपये 1.87 लाख करोड़ के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुँच गया। कुल एस एंड पी ग्लोबल इंडिया कम्पोजिट पीएमआई आउटपुट इंडेक्स अप्रैल 2023 में बढ़कर 61.6 हो गया, यह जुलाई 2010 के बाद सबसे अधिक है, जो विनिर्माण और सेवाओं दोनों में स्वस्थ विकास का संकेत देता है।

The Indian Economy

IMF expects the Indian economy to grow at 6.8 per cent in FY 2022-23 and 5.9 per cent in FY 2023-24. However, RBI expects the Indian economy to grow at 7.0 per cent in FY 2022-23 and 6.5 per cent in FY 2023-24. India is expected to be the fastest-growing economy globally in FY 2022-23 as well as in FY 2023-24.

Inflation monitoring and management remained a key challenge for the Central Bank in FY 2022-23. However, inflationary pressures have begun to ease, with retail inflation likely to moderate in FY 2023-24. The sequential growth of CPI-core in April 2023 is the lowest since June 2022 and can be attributed to the beginning of the pass-through of declining WPI inflation in consumer goods prices.

The industrial growth in the country remained robust during FY 2022-23. The aggregate level capacity utilisation for the manufacturing sector improved during the year. The investment level exhibited buoyancy on the back of strong composite Purchasing Managers Indices (PMIs). The rate of Capex spending by the governments, both Centre and States, increased, signalling the thrust on boosting economic activity and crowding in investments.

Moving ahead in FY 2023-24, the economic conditions appear brighter and more benign. For FY 2023-24, the government has budgeted capital expenditure at 3.3 per cent of the GDP, which is 33 per cent higher than the previous year. GST collections touched record high levels of Rs.1.87 lakh crores in April 2023. The overall S&P Global India Composite PMI Output Index rose to 61.6 in April 2023 the highest since July 2010, indicating healthy growth in both manufacturing and services.

उपर्युक्त समष्टि आर्थिक परिवेश की पृष्ठभूमि में, मैं आपके साथ वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान आपके बैंक के वित्तीय कार्यनिष्पादन के प्रमुख बिंदु साझा करना चाहता हूं।

वित्तीय कार्यनिष्पादन:

सतत कारोबार

31 मार्च 2023 को बैंक का सकल वैश्विक कारोबार रुपये 21.66 लाख करोड़ तक पहुंच गया, जिसमें सकल वैश्विक अग्रिम रुपये 8.85 लाख करोड़ तथा सकल वैश्विक जमा राशि रुपये 12.81 लाख करोड़ थी।

रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई (रैम) अग्रिम 4.70 लाख करोड़ रुपये रहा, जो कुल अग्रिमों का 55.3 प्रतिशत है। चालू और बचत जमा (कासा) 5.38 लाख करोड़ रुपये रहा। कासा का हिस्सा घरेलू जमा का 43.0 प्रतिशत रहा।

आपके बैंक का ध्यान ऐसे कारोबार को जुटानें पर है जो टिकाऊ और लाभदायक हो। अपने ग्राहकों के साथ दीर्घकालिक संबंध बनाने और विकसित करने पर जोर दिया जाता है ताकि उनसे अच्छी लीड्स प्राप्त की जा सके। ग्राहक अर्जन के लिए मार्गदर्शन और निगरानी हेतु एक नया समर्पित वर्टिकल भी स्थापित किया गया है जो संबंधों को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और इस तरह सतत कारोबार सृजन में सुगमता होगी।

लाभप्रदता

बैंक ने वित्त वर्ष 2022–23 में 22,529 करोड़ रुपये का परिचालन लाभ और 2,507 करोड़ रुपये का निवल लाभ दर्ज किया। वित्त वर्ष 2023 की चौथी तिमाही में आपके बैंक द्वारा अर्जित निवल लाभ समामेलन के बाद दर्ज किया गया अब तक का सर्वाधिक निवल लाभ है। बैंक ने वर्ष–दर–वर्ष आधार पर 20.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 34,492 करोड़ रुपये की निवल ब्याज आय अर्जित की। निवल ब्याज मार्जिन 35 बीपीएस बढ़कर 3.06 प्रतिशत हो गया, आस्ति पर प्रतिफल 0.18 प्रतिशत और इक्विटी पर रिटर्न 3.94 प्रतिशत रहा।

Against the backdrop of the macroeconomic environment outlined above, I would like to share with you the key financial performance highlights of your Bank during the FY 2022-23.

Financial Performance:

Sustainable Business

The Bank reached Rs.21.66 lakh Crore under Gross Global Business as on 31st March 2023, with Gross Global Advances at Rs 8.85 lakh crore and Gross Global Deposit at Rs 12.81 lakh crore.

The Retail, Agriculture & MSME (RAM) advances stood at Rs.4.70 lakh crore, constituting 55.3 per cent share of total advances. The Current and Saving Deposits (CASA) were at Rs 5.38 lakh crore. The CASA share stood at 43.0 per cent of domestic deposits.

The thrust of your Bank is on mobilising business that is sustainable and profitable. The emphasis is on securing and developing long-term relationships with our customers so as to generate good leads from them. A new dedicated vertical has also been set up for guiding and monitoring customer acquisition that will play an important role in cementing strong relationships and thereby facilitating the generation of sustainable business.

Profitability

The Bank recorded an Operating Profit of Rs. 22,529 Crore and a Net Profit of Rs. 2,507 crore in FY 2022-23. The Net Profit registered by your Bank in Q4 FY 2023 was the highest-ever net profit recorded post-amalgamation. The Bank posted a Net Interest Income of Rs. 34,492 Crore with a growth of 20.2 per cent on a Y-o-Y basis. The Net Interest Margin increased by 35 bps to 3.06 per cent, Return on Assets stood at 0.18 per cent and Return on Equity at 3.94 per cent.

मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि परिचालन लाभ, निवल लाभ, निवल ब्याज आय, आस्ति पर प्रतिफल, वैश्विक एनआईएम और इक्विटी पर प्रतिफल लगातार पांच तिमाहियों में तिमाही–दर–तिमाही में स्थिर वृद्धि दर्ज करने के साथ लाभप्रदता आपके बैंक की सुदृढ़ता का मुख्य क्षेत्र बनकर उभरा है।

आस्ति गुणवत्ता

बैंक का सकल एनपीए 31 मार्च 2022 के 92,448 करोड़ रुपये के मुकाबले कम होकर 31 मार्च 2023 को 77,328 करोड़ रुपये हो गया। सकल एनपीए अनुपात में 304 बीपीएस का सुधार हुआ और यह 8.74 प्रतिशत हो गया। बैंक का निवल एनपीए 31 मार्च 2022 के 34,909 करोड़ रुपये से घटकर 31 मार्च 2023 को 22,585 करोड़ रुपये हो गया। निवल एनपीए अनुपात में 208 बीपीएस का सुधार हुआ और यह 2.72 प्रतिशत हो गया। इसी प्रकार, प्रावधान कवरेज अनुपात पिछले वर्ष की तुलना में 530 बीपीएस बढ़कर 86.90 प्रतिशत हो गया।

यह वास्तव में खुशी की बात है कि दिसंबर 2021 से जीएनपीए और एनएनपीए दोनों अनुपातों में गिरावट की प्रवृत्ति के साथ आपके बैंक की आस्ति गुणवत्ता में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। इसी तरह, प्रावधान कवरेज अनुपात भी वित्त वर्ष 2022 से वित्त वर्ष 2023 तक लगातार तिमाहियों में बढ़ा है।

तिमाहियों में ऋण लागत भी क्रमिक रूप से कम हो रही है। स्लिपेज अनुपात में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है। कुल मिलाकर, वित्त वर्ष 2022–23 की चार तिमाहियों में वसूली की दर की तुलना में नए स्लिपेज की दर कम रही है। इसके अलावा, ऋण निगरानी तंत्र को और अधिक गहन और कठोर बना दिया गया है, जिसके परिणामस्वरूप विशेष उलिखित खातों के एनपीए श्रेणी में जाने में काफी गिरावट आई है, जो बेहतर संग्रह दक्षता को दर्शाता है।

पूंजी पर्याप्तता

31 मार्च 2023 को बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात पिछले वर्ष की तुलना में 100 बीपीएस बढ़कर 15.50 प्रतिशत हो गया, जिसमें अतिरिक्त टियर– I पूंजी 1.47 प्रतिशत, सीईटी 1 11.22 प्रतिशत और टियर II पूंजी 2.81 प्रतिशत

I am happy to share that Profitability emerged as a core area of strength for your Bank, with the Operating profit, Net Profit, Net Interest Income, Return on Assets, Global NIM and Return on Equity registering a steady Q-o-Q growth over five consecutive quarters.

Asset Quality

The Gross NPA of the Bank stood at Rs. 77,328 Crore as on 31st March 2023, down from Rs 92,448 Crore as on 31st March 2022. The Gross NPA ratio improved by 304 bps to 8.74 per cent. The Net NPA of the Bank declined from Rs. 34,909 Crore as on 31st March 2022 to Rs. 22,585 Crore as on 31st March 2023. The Net NPA ratio improved by 208 bps to 2.72 per cent. Similarly, the Provision Coverage Ratio improved by 530 bps over the previous year to 86.90 per cent.

It is indeed heartening to note that the asset quality of your Bank has exhibited a phenomenal improvement, with both GNPA and NNPA ratios on a declining trend since December 2021. Similarly, the Provision Coverage Ratio has also increased over successive quarters from FY 2022 to FY 2023.

The credit cost is also coming down sequentially over the quarters. The slippage ratio has also shown a marked improvement. Overall, in the four quarters of FY 2022-23, the rate of fresh slippage has been less than the rate of recovery. In addition, the credit monitoring mechanism has been made more intense and stringent with the result that there was a substantial decline in the movement of Special Mention Accounts to the delinquent category reflecting an enhanced collection efficiency.

Capital Adequacy

The Capital Adequacy ratio of the Bank improved by 100 bps over the previous year to 15.50 per cent as on 31st March 2023, with Additional Tier-I capital at 1.47 per cent, CET1 at 11.22 per cent and

थी। वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान, बैंक ने एटी–1 बॉन्ड के माध्यम से 4,214 करोड़ रुपये और टियर–II बॉन्ड के माध्यम से 4,000 करोड़ रुपये जुटाए।

मुख्य रूप से बेहतर–रेटेड खातों पर ध्यान केंद्रित करने और बैंक के पोर्टफोलियो के मंथन के कारण जोखिम घनत्व 31 मार्च 2022 के 76.5 प्रतिशत से घटकर 31 मार्च 2023 को 74.5 प्रतिशत हो गया।

बैंक ने कम जोखिम वाले प्रोफाइल वाले उच्च–रेटेड उधारकर्ताओं को लक्षित करके स्थायी व्यापार विकास पर अपना ध्यान केंद्रित करना जारी रखा। अर्थव्यवस्था की बढ़ती ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बैंक कार्यनीतिक रूप से अच्छी स्थिति में है।

डिजिटलाइजेशन

डिजिटलीकरण बैंक के लिए एक प्रमुख ध्यानाकर्षण क्षेत्र बना हुआ है। हमारे जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों में डिजिटलीकरण और तकनीकी परिवर्तनों की तीव्र लहर के साथ, यह अपरिहार्य है कि गुणवत्तापूर्ण ग्राहक सेवा प्राप्त करने के लिए ग्राहकों की मांग और अपेक्षाएँ बढ़ेंगी।

हालांकि, इस दिशा में, जैसा कि पहले ही उल्लेखित किया जा चुका है, आपके बैंक ने पहले ही एक शुरुआत कर दी है और अपने डिजिटल पोर्टफोलियो और पेशकशों को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसका लाभ कई खंडों में अधिक व्यवसाय हासिल करने के साथ–साथ सर्वोत्तम ग्राहक सेवा प्रदान करने के लिए किया जाएगा।

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान, आपके बैंक ने 35 से अधिक डिजिटल सेवाएं शुरू कीं, जो एक बड़ी उपलब्धि है। इनमें अन्य सुविधाओं के साथ–साथ विभिन्न रैम सेगमेंट से संबंधित डिजिटल सेवाएं, टर्न–अराउंड समय को कम करने के लिए टैब बैंकिंग के माध्यम से कासा के तहत नए खाते खोलना, ई–ओटीएस के माध्यम से तेजी से वसूली की सुविधा, संग्रह दक्षता में सुधार और धन प्रबंधन उत्पादों को बढ़ावा देना शामिल हैं।

रैम पर फोकस

रैम सेगमेंट में सतत विकास आपके बैंक के क्रेडिट पोर्टफोलियो को बढ़ाने की रणनीति की आधारशिला है। रैम अग्रिम 31 मार्च 2022 के 3,88,912 करोड़ रुपये की तुलना में 31 मार्च 2023 को 4,69,981 करोड़ रुपये था,

Tier II capital at 2.81 per cent. During FY 2022-23, Bank raised Rs. 4,214 Crore through AT-1 Bonds and Rs.4,000 Crore through Tier -II Bonds.

The Risk density declined from 76.5 per cent as on 31st March 2022 to 74.5 per cent on 31st March 2023, mainly on account of the focus on better-rated accounts and churning of the portfolio of the Bank.

The Bank continued with its focus on sustainable business growth by targeting higher-rated borrowers with low-risk profiles. The Bank is strategically well-placed to meet the growing credit needs of the economy.

Digitalisation

Digitalisation remained a key thrust area for the Bank. With the rapid wave of digitalisation and technological transformations embracing almost all spheres of our life, it is inevitable that customer expectations and demands regarding access to quality customer service will also rise.

In this direction, however, as already highlighted above, your Bank has already made a beginning and is committed to further building up its digital portfolio and offerings, which will be leveraged to acquire more business across multiple segments as well as to deliver superior customer service.

During FY 2022-23, your Bank initiated more than 35 digital journeys, which is a major accomplishment. They include digital journeys relating to the different RAM segments, the opening of new accounts under CASA through Tab banking to reduce turn-around time, facilitating faster recovery through e-OTS, improving collection efficiency and promoting wealth management products, among others.

Focus on RAM

Sustainable growth in the RAM segment constitutes the cornerstone of the strategy for boosting the credit portfolio of your Bank. As on 31st March 2023, RAM Advances stood at Rs. 4,69,981 Crore

इसमें 20.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। खुदरा अग्रिम 41.6 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,97,698 करोड़ रुपये, कृषि अग्रिम 1,42,105 करोड़ रुपये और एमएसएमई अग्रिम 1,30,178 करोड़ रुपये रहा। घरेलू अग्रिमों में रैम की हिस्सेदारी 31 मार्च 2022 के 51.2 प्रतिशत की तुलना में 31 मार्च 2023 को बढ़कर 55.3 प्रतिशत हो गई। कोर रिटेल ने 15.2 प्रतिशत की मजबूत वर्ष–दर–वर्ष वृद्धि दर्ज की, गृह ऋण खंड में 10.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, वाहन ऋण में 30.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई, और व्यक्तिगत ऋण खंड में 48.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

